कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस०बी० नयमेगौड़ा) : (क) कोल इंडिया लि० की विभिन्न कोयला कंपनियों के अंतर्गत 15 वाशरी हैं । इस संबंध में ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

कोयला कंपनी	वाशरियों की संख्या	वार्षिक कार्यक्षमता (मि०टन) में)
(1) भारत कोकिंग कोल लिमिटेड धनबाद	9	12.55
(2) सेंट्रल कोल-फील्ड लि०	5	11.47
(3) वैस्टनकोल-फील्ड्स लि० नागपुर	1	1.20
जोड़ :	15	25.22

(ख) और (ग) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

रायल्टी की दरों में परिवर्तन करने से बिहार को हुआ घाटा

1642. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार 2 अगस्त 1991 से कोयले के संबंध में रायल्टी के परिवर्तन से पहले कोल इंडिया लिमिटेड से जो रायल्टी और सेस की धनराशि प्राप्त करता था अब उसे उससे कम धनराशि का राजस्व प्राप्त हो रहा है ;

(ख) "इस्को" और "टिस्को" द्वारा दी जा रही रायल्टी के कारण बिहार को राजस्व की कितनी धनराशि का नुकसान हो रहा है ; और

(ग) क्या भारत सरकार घाटे की तिपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो किस प्रकार से और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस०बी० नयमेगौड़ा) : (क) और (ख) 1-8-1991 से प्रभावी कोयले पर रायल्टी की संशोधित दरें बिहार सरकार द्वारा लगाया गया उपकर तथा रायल्टी की पहले की दोनों की दरों की तुलना में कम हैं । यह इसलिए हुआ क्योंकि बिहार राज्य ने कोयले पर उपकर ऊंची दरों पर लगा रखा था । रायल्टी की संशोधित दरें राज्यों के राजस्व की आवश्यकताओं तथा उपभोक्ताओं की हितों को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय आधार पर निर्धारित की गई हैं । अतः न्यायालय द्वारा उपकर को निरस्त कर दिए जाने के कारण राज्य सरकार के हुए घाटे की प्रतिपूर्ति किए जाने का प्रश्न ही नहीं उठता है ।

(ख) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही हैं और यथासंभव उपलब्ध होते ही सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

इस्पात संयंत्रों को घटिया किस्म के कोयले की आपूर्ति

1643. **श्री राम जेठमलानी** :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस्पात संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति कोल इंडिया लिमिटेड करता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अप्रैल 1991 से इन इस्पात संयंत्रों को भेजा जाने वाला कोयला घटिया किस्म का है ;

(ग) यदि हां, तो इस कोयले में राख की मात्रा कितने प्रतिशत होती है ;

(घ) क्या इस्पात क्षेत्र द्वारा इस संबंध में कोई शिकायत भी की गई है ; और

(ङ) यदि हां, तो घटिया किस्म के कोयले की आपूर्ति किए जाने के क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस०बी० नयमेगौड़ा) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) वर्ष 1990-91 के दौरान इस्पात संयंत्रों को आपूर्ति किए गए कोककर कोयले में औसतन राख की मात्रा 20 प्रतिशत थी । अप्रैल, 91 से अक्टूबर, 1991 तक राख की मात्रा 20.1% से 20.3% प्रतिशत के बीच रही ।

(घ) भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि० ने कोल इंडिया लि० को धुले हुए कोयले की आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार किए जाने का अनुरोध किया है ।

(ङ) कोयले की वाशरियां, जोकि इस समय कार्य कर रही है, उन्हें मुख्यत: कुछ पैरामीटरों के कोयले को प्राप्त करने के लिए निर्मित किया गया था । कुछ वर्षों से उपलब्ध कच्चे कोयले की गुणवत्ता देश में काफी गिर गई है और कच्चे कोयले में राख की मात्रा निर्धारित रेंज से अधिक हो गई है, जिसके अंतर्गत वाशरी फ्लोशीट को निर्मित किया गया है । इसके अलावा कच्चे कोयले की गुणवत्ता में खनन में ओपेनकास्ट पद्धति अपनाए जाने के कारण और गिरावट आ गई है । निचली सीमों के कोयले की धुलाई योग्य गुणवत्ता भी बहुत निम्न श्रेणी की हो गई है । इन सभी मुद्दों का कोल इंडिया लि० द्वारा प्रचालित वाशरियों से धुले हुए कोयले की गुणवत्ता में आई गिरावट का योगदान है ।

Supply of coal to Vijayawada Thermal Power Station

1644. DR. YELAMANCHILI SIVA JI; Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether there is any demand from Andhra Pradesh State Electricity Board for regular supply of coal from Telcher Coal Mines to Vijayawada Thermal Power Station;

(b) if so, the extent to which the demand has been met; and

(c) what is the demand and supply of coal to the Vijayawada Thermal Power Station during the last five years, yearwise?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA); (a) and (b) Coal is being supplied to Vijayawada Thermal Power Station from Talcher since October, 1988. The total linkage fixed for Vijayawada TPS from Talcher Coalfields from April to October, 1991 was 6.75 lakh tonnes, against which supplies made were 5.67 lakh tonnes.

(c) The total coal linkage and receipt from all sources by Vijayawada Thermal Power Station during the last five years are as under:

('000 tonnes)

Year	Linkage	Receipt
1987-88	2520	2222
1988-89	2490	2105
1989-90	2660	2516
1990-91	3650	3245
1991-92 (April-Oct, '91)	2720	2101